# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 फरवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने लम्बित आवासीय एवं व्यावसायिक आवंटनों के त्वरित निस्तारण के लिये अधिकारियों को एकमुश्त समाधान योजना–ओटीएस–दो हजार छब्बीस लागू करने के निर्देश दिये। श्री योगी ने निर्देश दिया कि योजना का स्वरूप मानवीय, न्यायसंगत और व्यावहारिक होना चाहिए। एकमुश्त भुगतान पर उपयुक्त छूट तथा किश्तों में भुगतान का विकल्प उपलब्ध कराया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पात्र आवंटियों तक योजना की जानकारी पहुंचे, इसके लिये व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाय। इस बात का भी ध्यान रखा जाय कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी हो। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सम्भावित बाढ़ और अत्यधिक वर्षा की चुनौतियों को लेकर व्यापक तैयारी तथा प्रभावी समन्वय पर बल दिया। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतनी ही तेजी और सफलता से बाढ़ और अतिवृष्टि की चुनौती का समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने सभी तटबन्धों, ड्रेनों और संवेदनशील स्थानों की समयबद्ध मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और निगरानी को अनिवार्य बताते हुए कहा कि सभी तटबंधों और बैराजों पर रियल–टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। ड्रोन–मैपिंग, वॉटर लेवल सेंसर और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय को और मजबूत बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कहीं भी नदी की मेन स्ट्रीम में सिल्ट की अधिकता हो, नदी उथली हो, वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता दी जाए और नदी को चौनलाइज किया जाए। यदि ड्रेजिंग से समाधान होना सम्भव न हो, तभी तटबंध और कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केन्द्रीय बजट–दो हजार छब्बीस–सत्ताईस को विकास–उन्मुखी बजट बताया है। आज कौशाम्बी में एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण को समर्पित है। श्री मौर्य ने कहा कि सर्वसमावेशी और आत्मविश्वास से परिपूर्ण यह बजट समाज के हर वर्ग की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामन्जस्य स्थापित करने और आत्मविश्वास बढाने पर जोर दिया।

**********

केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग व सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यूरोपियन यूनियन–ईयू के सत्ताईस देशों के साथ फ्री ट्रेड और अमेरिका के साथ मजबूत साझेदारी **नए भारत** की शक्ति को दर्शाती है। एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं अब देश को दुनिया के साथ बराबरी पर खड़ा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि तकनीक का लाभ सबको बराबरी से मिले।

**********

आज विश्व कैंसर दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश के कई जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज वाराणसी के काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सुन्दरलाल चिकित्सालय में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों द्वारा कैंसर की रोकथाम और लक्षणों की पहचान के बारे में जानकारी दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली, नियमित जांच और टीकाकरण से कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जानकारों ने सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर के बारे में लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने राज्य पुलिस बल में कांस्टेबल सिविल पुलिस और समकक्ष पदों की बत्तीस हजार छः सौ उन्यासी सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार, लिखित परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने उम्मीदवारों को नियमित रूप से अपडेट के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जाने की सलाह दी है। परीक्षा से संबंधित सभी निर्देश केवल अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज और कल मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अंचल में आज कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने की संभावना है। साथ ही इसी अंचल में कल कहीं कहीं घने कोहरे का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**********